मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर–313001 राजस्थान

Mohanlal Sukhadia University, Udaipur-313001 Rajasthan

Ref.: MLSU/Gen-Probe/2024/01 Dated: 16/08/2024

आम सूचना

मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर को विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ विद्यार्थियों को भ्रमित कर परीक्षा शुल्क जमा करवाने में धोखाधड़ी कर फर्जीवाडा किया जाना, अनुचित माध्यमों से परीक्षाओं में पास करवाने आदि के प्रलोभन, एकल और सामूहिक रूप से अंजाम दिया गया है। मामले के निरपेक्ष निर्गत हेतु, विश्वविद्यालय ने एक जाँच कमेटी का गठन किया है।अतः इस ज्ञापन के माध्यम से, हितधारकों और सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शुल्क जमा करवाने में फर्जीवाडा और धोखाधड़ी तथा प्रलोभनों से अनुचित लाभ हेतु भ्रमित होने वाला पीड़ित पक्ष/आवेदक, मामले को स्पष्ट रूप से समाहित करते हुए, समस्त साक्ष्यों एवं गवाहों के विवरण सहित, अपना नाम, पूर्ण पता, मोबाइल नंबर तथा आरोपी का नाम, पूर्ण पता, मोबाइल नंबर सहित, पूर्ण आवेदन को बंद लिफाफे में, प्रो. एम.एस. ढाका, संयोजक, जाँच कमेटी, 35, भौतिक शास्त्र विभाग, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, एम.बी. परिसर, उदयपुर–313002 को व्यक्तिशः अथवा पंजीकृत डाक से, 30 अगस्त, 2024 को सायं 4:00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त एवं अधूरे आवेदनों पर, कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रो. एम.एस. ढाका, संयोजक, जाँच कमेटी